# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक 17.04.2023

## प्रकाशनार्थ

### बी.एड. प्रशिक्षुओं ने डायट एवं बी.आर.सी का भ्रमण कर जानी डायट एवं बी.आर.सी की कार्यप्रणाली

दिनांक 31.03.2023 गोरखपुर। महाविद्यालय के बी.एड. विभाग के चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं ने प्रथम सत्र में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गोरखपुर का शैक्षिक भ्रमण एवं अवलोकन किया। इस अवसर पर डायट के प्राध्यापकों द्वारा बी.एड. प्रशिक्षुओं को डायट की संरचना एवं कार्य प्रणाली से अवगत कराते हुए डायट के संगठन पर प्रकाश डाला गया। उनके द्वारा डी.एल.एड. पाठ्यक्रम के उपादेयता से परिचित कराते हुए उसकी प्रवेश प्रक्रिया, शिक्षण अधिगम प्रक्रिया एवं मूल्यांकन प्रणाली से अवगत कराया गया तथा प्रशिक्षुओं को एक आदर्श शिक्षक बनने हेतु प्रेरित किया गया 'प्रशिक्षुओं ने डायट भ्रमण करके वहां की कार्यप्रणाली तथा भौतिक संसाधनों जैसे कंप्यूटर लैब, पानी पीने की व्यवस्था, मीटिंग रूम, टी.एल.एम कॉर्नर आदि का निरीक्षण करते हुए वहां की शैक्षिक गतिविधियों का अवलोकन किया। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षण सहायक सामग्री की उपादेयता के संदर्भ में आवश्यक जानकारी प्राप्त की एवं डिजिटल कंटेंट प्लेटफार्म जैसे निपुण, प्रेरणा, दीक्षा पोर्टल आदि की उपादेयता से परिचित हुए।

इसी क्रम में द्वितीय सत्र में सभी प्रशिक्षु बी.आर.सी का भ्रमण कर बी.आर.सी की स्थापना के उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली से अवगत हुए साथ ही प्राथमिक विद्यालयों में ब्लॉक स्तर पर शिक्षा के गुणवत्ता में अभिवृद्धि करने हेतु किए जाने वाले प्रयास शैक्षिक गतिविधियों की गुणवत्ता अभिवृद्धि किस प्रकार से की जाती है, बेसिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित प्राथमिक अध्यापकों का प्रशिक्षण, समय–समय पर विषयगत तकनीक व गुणवत्ता संवर्धन हेतु कार्यशाला का आयोजन, मेरा बच्चा मेरा आंगन, मां समूह, निपुण, प्रेरणा, सामर्थ पोर्टल, पाक कला प्रतियोगिता, सेमेस्टर के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

**डॉ. शैलेश कुमार सिंह**
**प्रभारी मीडिया एवं जनसंपर्क**